हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026



तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

शेड निर्माण के साथ मानिकपुर को मिली विकास की सौगात





## खबर संक्षेप



### मौके पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी, किया मुआयना

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू और एसपी सुनील शर्मा सोमवार सुबह सारंगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर माधोपाली का दौरा किए जहां विगत रविवार शाम को नजदीकी ग्राम बड़े घोठला निवासी देवनारायण पटेल और उनकी पत्नी कार में बने पुल के नीचे लातनाला में बरसात के भारी बहाव पानी में बह गए थे। कलेक्टर एसपी ने राज्य आपदा राहत एसडीआरएफ की टीम और ग्रामीणों से कार में सवार पति पत्नी की तलाशी और घटना के संबंध में की जानकारी ली। रविवार को जब घटना घटित हुआ उस समय पुल के नीचे से पानी बह रहा था। इसका वीडियो रिकार्ड मिला है, वहीं चालक द्वारा गाड़ी चलाने के दौरान असावधानी बरती गईं, उस समय वहां मौजूद 6.7 लोगों के द्वारा बचाने के बजाय मोबाइल में वीडियो बनाया गया जिसके कारण दुर्घटना घटित हुआ। दुर्घटना के समय तत्काल यदि लोगों के द्वारा मदद किया जाता तो पति पत्नी को बचाया जा सकता था।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शादी का झांसा देकर एक 24 वर्षीय युवती का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। कार्रवाई रायगढ़ पुलिस के अभियान संवेदना के तहत की गई। जानकारी के अनुसार 26 जुलाई को पीड़िता ने महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई कि चक्रधरनगर क्षेत्र में काम करने के दौरान उसकी पहचान चाय नाश्ते की दुकान संचालक नरेन्द्र कुमार बारिक उर्फ राजू से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने, जिसके बाद आरोपी ने शादी का वादा कर उसे विश्वास में लिया और साथ रहने लगा। जनवरी से जुलाई 2026 तक आरोपी ने शादी का आश्वासन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब 21 जुलाई को उसने विवाह करने की बात कही तो आरोपी ने साफ तौर पर शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने महिला थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर महिला थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पीड़िता और गवाहों के बयान दर्ज किए गए तथा आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कियाए जिसके बाद उसे विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरेन्द्र कुमार बारिक उर्फ राजू 35 वर्ष के रूप में हुई है।

# नदी में बुजुर्ग गया था मछली पकड़ने, अचानक आ गई बाढ़ तो पेड़ पर गुजारी रात

## सुबह नगर सेना की टीम ने किया रेस्क्यू, सुरक्षित निकाला बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

70 वर्षीय बुजुर्ग को पानी के भीतर एक पेड़ पर रात गुजारनी पड़ी। वह मछली पकड़ने लात नाले के दूसरे घाट में गया था। अचानक से नदी में पानी भरने लगा और बुजुर्ग वहां फंस गया। दोनों छोर से पानी भरने की वजह से निकल नहीं सका। वहां एक टापू जैसे जगह था, जहां एक पेड़ था। बुजुर्ग ने उस पेड़ में रात गुजार दी। सुबह रायगढ़ नगर सेना की टीम पहुंची और उसे रेस्क्यू करके सुरक्षित बाहर निकाला। बुजुर्ग स्वस्थ है, उसे किसी तरह की कोई तकलीफ नहीं है। सारंगढ़ जिले में लगातार हो रही बारिश की वजह से नदी-नाले पूरे उफान पर हैं। रविवार को लात नाले में जहां एक कार पानी में बह गया था। वहीं एक 70 वर्षीय बुजुर्ग घटोरा निवासी बालमुकुंद बरिहा बाढ़ की चपेट में आ गया था। वह टापू के पास मछली पकड़ने गया था। उसी दौरान अचानक से दोनों छोर से वहां पानी का बहाव तेज हो गया और बुजुर्ग फंस गया। उसने निकलने की कोशिश करने के बजाए पेड़ पर चढ़ गया और पानी उतरने का इंतजार करते रहे, लेकिन पानी कम हुआ नहीं। ऐसे में वह पेड़ पर ही रात गुजार दी। सुबह रायगढ़ की नगर सेना की टीम पहुंची और उसे रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। नगर सेना की रेस्क्यू टीम में मेजर रामाधीन श्रीवास के साथ सम्मे सिंह, संजय सिदार, कलेश्वर सिदार, अरुण डनसेना, कुलदीप लकड़ा और मुन्ना सिदार शामिल हैं और लगातार यह टीम दोनों को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। पानी का बहाच तेज होने की वजह से उनको दिक्कत भी आ रही है।

### जारी है गोताखोरों की कोशिश

उसी लात नाले में रविवार की शाम एक कार बह गई थी। उसमें पूर्व सरपंच देवनारायण पटेल और उनकी पत्नी सवार थे। दोनों गाड़ी में ही फंस कर रह गए हैं या बाहर निकल गए हैं अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। बहाव तेज होने के कारण कार में पानी भरा है इसके कारण कुछ पता नहीं चल रहा है। देर शाम तक गोताखोरों की कोशिश जारी रहीं, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। पानी के तेज बहाव के कारण कार को निकालने में भी दिक्कत हो रही है। इसके कारण ढूंढने में भी परेशानी आ रही है।

## वॉटर कैनन चलाने की मांग: कलेक्टोरेट का किया घेराव, बैरिकेडिंग पर चढ़े कार्यकर्ता

# स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार को एक ऐसा आंदोलन देखा गया जिसमें विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फिल्मी गाने में जामकर डांस किया। याने स्मार्ट मीटर के विरोध में इसे कांग्रेसियों का स्मार्ट प्रदर्शन कहा जा रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से वॉटर कैनन चलाने की मांग भी करते देखा गया। पुलिस ने जब उनकी मांगों को अनसुना कर दिया तो फिल्मी धुन में कांग्रेस कार्यकर्ता जमकर थिरकने लगे। काफी देर तक लोग नाचते रहे। दरअसल बिजली दरों में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। एनएसयूआई, जिला कांग्रेस और युवा कांग्रेस ने संयुक्त रूप से गांधी प्रतिमा से कलेक्टोरेट तक रैली निकाली गई। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल ने किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी रैली में शामिल हुए और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बढ़े। उन्हें कलेक्टोरेट से पहले ही बेरीगेटिंग करते हुए रोक दिया गया, इस दौरान उन्होंने काफी तोड़ने का भी प्रयास किया। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन पहले से ही सतर्क था। कलेक्टोरेट से कुछ दूरी पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ कलेक्टोरेट के बाहर बैरिकेडिंग लगाई गई थी ताकि प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका जा सके। रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट पहुंचने पर प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास करने लगे। कुछ युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग पर चढ़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करने की अपील की। इसके बाद कार्यकर्ता बैरिकेडिंग के ऊपर ही रुक गए और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बनी। इस तरह कांग्रेसियों द्वारा लगातार राज्य की बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जाती रही।

प्रदर्शन के दौरान एक दिलचस्प नजारा भी देखने को मिला। तेज धूप और भारी उमस से परेशान प्रदर्शनकारियों ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से वॉटर कैनन चलाने की मांग की ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके और वे दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए विरोध की शक्ल में यहां भी प्रदर्शन कर सके। जब प्रशासन की ओर से वॉटर कैनन का इस्तेमाल नहीं किया गया तो प्रदर्शनकारी वहीं फिल्मी गानों की धुन पर नाचने लगे। कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन के बीच यह अलग ही माहौल देखने को मिलाए जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

### जनता पर आर्थिक बोझ डालने का आरोप

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए खरसिया विधायक उमेश पटेल ने राज्य सरकार पर आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार बिजली की दरों में बढ़ोतरी कर रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां आम लोगों को राहत देने के बजाय उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाली हैं। उमेश पटेल ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जनता को राहत देने के उद्देश्य से बिजली बिल हाफ योजना लागू की थी, जिससे लाखों उपभोक्ताओं को लाभ मिला था, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया।

### स्मार्ट मीटर को लेकर भी विरोध

स्मार्ट मीटर को लेकर भी इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेसियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से लोगों के बिजली बिल काफी ज्यादा आ रहे हैं। लगातार शिकायतें मिल रही हैं, लेकिन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों के घरों में पहुंच कर बिना उनकी अनुमति और इच्छा के स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। नहीं लगाने वाले पर दंडात्मक कार्यवाही की भी बात कही जा रही है।

### नजूल जमीन विवाद में बुजुर्ग की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**रायगढ़।** रैरूमाखुर्द चौकी क्षेत्र के ग्राम धरमपुर साजापाली में 76 वर्षीय बुजुर्ग बंधन राम पण्डो की हत्या के मामले का पुलिस ने हत्या के आरोप में गांव के ही मकरदम उर्फ मुड़ी माझी 40 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह नजूल जमीन पर कब्जे और हिस्सेदारी को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद सामने आया है। जानकारी के अनुसारए 25 जुलाई को मृतक के पुत्र नोहर साय पण्डो ने रैरूमाखुर्द चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी और मां के साथ खेत में काम करने गए थे। दोपहर में लौटने पर उनके पिता बंधन राम पण्डो गांव के मकरदम उर्फ मुड़ी माझी के साथ पुराने जमीन विवाद को लेकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उनकी बेटी अंजली पण्डो ने दौड़कर बताया कि मकरदम ने कुल्हाड़ी से दादाजी के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया है। मौके पर पहुंचने तक आरोपी फरार हो चुका था, जबकि गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने पहले हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। बाद में बुजुर्ग की मौत होने पर प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103,1 जोड़ दी गई और पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को उसके गांव धरमपुर से घेराबंदी कर हिरासत में लिया।

## 15 पंचायतों के लोग सड़क पर उतरने को तैयार, 1 अगस्त को चक्का जाम

# दो दशक से अधूरी सड़क, अब आर पार की लड़ाई के मूड में ग्रामीण

**रायगढ़।** लैलूंगा विकासखंड के केशला तोलगे मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों का सब्र अब जवाब देने लगा है। वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासन को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 31 जुलाई तक सड़क निर्माण या मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो 1 अगस्त को केशला मोड़ हाई स्कूल के समीप घरघोड़ा-लैलूंगा मुख्य मार्ग पर शांतिपूर्ण चक्का जाम किया जाएगा। आंदोलन की घोषणा केशला-तोलगे सड़क संघर्ष समिति ने की है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब दो दशक से यह सड़क अपनी बदहाली का दंश झेल रही है। बार.बार मांग और आश्वासनों के बावजूद आज तक सड़क की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। अब लोगों का धैर्य टूट चुका है और वे आंदोलन के जरिए अपनी आवाज बुलंद करने का फैसला कर चुके हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार यह मार्ग करीब 15 ग्राम पंचायतों के हजारों लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राएं, किसान, व्यापारी, मजदूर और मरीज रोज इसी सड़क से गुजरते हैं। सड़क की खराब हालत के कारण लोगों को न केवल समय और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता हैए बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना रहता है। बरसात के मौसम में समस्या और गंभीर हो जाती है। सड़क पर बने बड़े.बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से यह समझना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार वाहन फंसने और दुर्घटनाएं होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हर चुनाव के दौरान सड़क निर्माण का वादा किया जाता है और प्रशासनिक अधिकारियों के दौरे में भी यह मुद्दा उठता है, लेकिन आश्वासन के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। लगातार उपेक्षा के कारण लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। सड़क संघर्ष समिति का कहना है कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा। यदि तय समय सीमा तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है, तो 1 अगस्त को सुबह 10 बजे से केशला मोड़ हाई स्कूल के पास हजारों ग्रामीण सड़क पर उतरकर चक्का जाम करेंगे।

# शराब और मुआवजे की रकम बनी हत्या की वजह पत्नी ने दो अपचारी बालकों संग रची साजिश

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम तराईमाल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले 50 वर्षीय गनपती लाल भगत के शव के मामले का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या थी, जिसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी और दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार 25 जुलाई को मृतक के दामाद सोनसाय उरांव ने सूचना दी थी कि उसके ससुर गनपती लाल भगत का शव किराए के मकान में तख्त पर पड़ा है। मृतक के गले में साड़ी बंधी हुई थी और बाएं हाथ की कलाई पर कटने के निशान थे। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या जैसा प्रतीत हो रहा था, लेकिन घटनास्थल की परिस्थितियों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने हत्या की आशंका को मजबूत कर दिया।




## विरोध के बाद प्राचार्य को करना पड़ा निरीक्षण

# आरओ बंद, गंदा पानी और दीवारों में करंट, सुधार की मांग

रिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पॉलिटेक्निक कॉलेज छात्रावास में पीने के पानी, साफ.सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। छात्रों ने पहले प्राचार्य कक्ष पहुंचकर समस्याओं को लेकर चर्चा करनी चाही, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विरोध तेज कर दिया। बाद में छात्र कॉलेज के मुख्य गेट पर बारिश के बीच धरने पर बैठ गए, जिसके बाद प्राचार्य को छात्रों के साथ छात्रावास का निरीक्षण करने जाना पड़ा।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रावास में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं है, आरओ मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है और पानी की टंकी की नियमित सफाई भी नहीं कराई जाती। अपनी शिकायत को प्रमाणित करने के लिए छात्र पानी की टंकी से निकलने वाले गंदे पानी की बोतल भी अपने साथ लेकर पहुंचे। उनका कहना था कि ऐसे पानी का उपयोग करने से छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। छात्रों ने बताया कि छात्रावास परिसर में नियमित सफाई नहीं होने से चारों ओर गंदगी फैली रहती है। बारिश के मौसम में यही गंदगी सांप और अन्य जहरीले सांप के निकलने का कारण बन रही है, जिससे छात्र हमेशा भय के माहौल में रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा छात्रावास भवन भी काफी जर्जर हो चुका है। कई जगह दीवारों और छत की हालत खराब हैए लेकिन लंबे समय से मरम्मत नहीं कराई गई है। विरोध के दौरान प्राचार्य डॉ. मोहन हरि सोनी ने भवन की मरम्मत का कार्य पीडब्ल्यूडी के अधीन होने की बात कही। इस पर छात्र भड़क गए और आरोप लगाया कि हर समस्या की जिम्मेदारी दूसरे विभाग पर डालकर कॉलेज प्रबंधन अपनी जिम्मेदारियों से बच रहा है। छात्रों ने प्राचार्य से तत्काल छात्रावास चलकर वास्तविक स्थिति देखने की मांग कीए लेकिन शुरुआत में उन्होंने जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों ने कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार पर बारिश के बीच धरना शुरू कर दिया। काफी देर तक चले विरोध के बाद प्राचार्य को छात्रों के साथ छात्रावास पहुंचकर हालात का निरीक्षण करना पड़ा। निरीक्षण के दौरान छात्रों ने उन्हें पानीए साफ.सफाई, भवन की जर्जर स्थिति और अन्य समस्याओं से अवगत कराया।



# 200 करोड़ क्लब की ओर विजय की जन नायकन

**नई दिल्ली।** विजय थलापति की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड गढ़ रही है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ओवरसीज मार्केट्स में भी इस फिल्म का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। विजय थलापति के स्टारडम के दम पर फिल्म ने अपने शुरुआती वीकेंड में ही दुनिया भर में ताबड़तोड़ कमाई की है और महज 3 दिनों के भीतर 200 करोड़ के आंकड़े के बेहद करीब पहुंच गई है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने धमाकेदार ओपनिंग ली थी, हालांकि दूसरे दिन कमाई में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई, लेकिन तीसरे दिन (रविवार) फिल्म ने फिर से शानदार वापसी की।



## लाइफ Style

# आनंदी
## सीन कटने से टूट गया दिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस आनंदी अजय ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बात करते-करते फफक कर रो पड़ती हैं। एक्ट्रेस का दावा है कि 1 साल काम करने के बाद थलपति विजय की 'जन नायकन' से उनके सीन काट दिए गए हैं।

यह बात उन्हें फिल्म के रिलीज होने के बाद ही पता चली है। थलपित विजय की फेयरवेल फिल्म 'जन नायकन' गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एक तरफ जहां फैंस ने सिनेमाघरों को उत्सव का रंग दे दिया है, वहीं एक्ट्रेस आनंदी अजय का दिल टूट गया है। विजय के साथ स्क्रीन शेयर करना उनका सपना था। इसके लिए उन्होंने 1 साल तक कड़ी मेहनत की और फिल्म में काम भी किया। लेकिन, जब डायरेक्टर एच. विनोद की फिल्म रिलीज हुई तो वह यह देखकर दंग रह गईं कि उनका कोई भी सीन फिल्म में नहीं है। आनंदी ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें अपनी आपबीती बताते हुए वह फफक कर रो पड़ी हैं। 'जन नायकन' पहले सेंसर बोर्ड के साथ विवाद में फंसी थी। यह मूल रूप से जनवरी महीने में ही रिलीज होने वाली थी। लेकिन 7 महीने का यह लंबा इंतजार भी आनंदी के लिए खुशी के पल लेकर नहीं आया। वीडियो पोस्ट में वह बताती हैं कि फिल्म के फाइनल एडिट से उनका सीन हटा दिया गया है। अब आनंदी का यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस उन्हें हिम्मत दे रहे हैं। तमिल टेलीविजन की पॉपुलर एक्ट्रेस आनंदी के लिए विजय की फिल्म का हिस्सा होना, जाहिर तौर पर बड़ी बात थी।

## हॉलीवुड मसाला




# द रिंग्स ऑफ... का टीजर ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2026 में प्राइम वीडियो ने 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर' सीजन 3 का टीजर ट्रेलर जारी किया। 99 सेकंड के इस प्रीव्यू में सीरीज के एक इंटेंस और डार्क दौर की झलक मिली, जिसमें मिडिल-अर्थ में सॉरॉन का उदय, 'वन रिंग' का निर्माण और फैलती हुई जंग नए सीजन की कहानी को आगे बढ़ाएगी। इस फुटेज को बेंजामिन वॉकर के मॉडरेट किए गए एक पैनल के दौरान दिखाया गया, जिसमें सिंथिया अडाई-रॉबिन्सन, ओवेन आर्थर, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, चार्ली विकर्स, डैनियल वेमैन और नए कलाकार जेमी कैंपबेल बॉवर चर्चा में शामिल हुए।




# ब्लैक पैंथर का किरदार निभाएंगे डेविड....

**लॉस एंजिल्स।** 'ब्लैक पैंथर' फ्रेंचाइजी हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म 'ब्लैक पैंथर' (2018) को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। इसका दूसरा भाग 'ब्लैक पैंथरः वकांडा फॉरएवर' 2022 में रिलीज हुआ। अब इसके तीसरे भाग 'ब्लैक पैंथर 3' के रिलीज होने की तैयारी हो रही है। इसमें 'ब्लैक पैंथर' का किरदार डेविड जॉनसन निभाएंगे। डेविड जॉनसन 15 दिसंबर 2028 को रिलीज होने वाली 'ब्लैक पैंथर 3' में टीचाला के बेटे का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म जॉनसन के किरदार, प्रिंस टी'चाला 2 की कहानी दिखाएगी। डेविड जॉनसन 'ब्लैक पैंथरः वाकांडा फॉरएवर' में एक बच्चे के तौर पर नजर आए थे। डायरेक्टर रयान कूगलर तीसरी फिल्म के लिए वापसी करेंगे।



# दीपिका से छूटी फिल्म अब कैट की झोली में!

**नई दिल्ली।** संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' प्रभास की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर इस फिल्म को सबसे ज्यादा सुर्खियां तब मिलीं जब दीपिका पादुकोण ने फिल्म से किनारा किया। अब एक बार फिल्म ये फिल्म चर्चा में है और वजह है नई एक्ट्रेस का नाम। दावा किया जा रहा है कि कैटरीना कैफ इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इसे लेकर अभी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडस्ट्री के एक सोर्स ने कैटरीना की काम पर वापसी की अफवाहों को 'पूरी तरह से गलत और गुमराह करने वाला' बताया है। सोर्स ने बताया, "फ्यूचर में कैट के एक्टिंग प्लान के बारे में किए जा रहे दावों में कोई सच्चाई नहीं है। यह रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलों और गलत जानकारी पर आधारित है जिसकी कोई कनफर्मेशन नहीं है।



# यामी कहानी-3 में आएंगी नजर...

**मुंबई।** यामी गौतम के सितारे बुलंदी पर हैं। हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में शानदार अदाकारी के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान नेशनल फिल्म अवॉर्ड के लिए हुआ। उन्होंने 2024 में आई इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। इस बीच अभिनेत्री के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। यामी गौतम फिल्म 'कहानी 3' में नजर आएंगी। सुजॉय घोष की चर्चित फ्रैंजाइजी की दो फिल्में आ चुकी हैं। पहली फिल्म 'कहानी' साल 2012 में रिलीज हुई थी। वहीं, दूसरा पार्ट 2016 में रिलीज हुआ। दोनों फिल्मों के निर्देशन का जिम्मा सुजॉय घोष ने निभाया। वहीं, लीड रोल में विद्या बालन नजर आई थीं। अब सुजॉय इसकी तीसरी किस्त लेकर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कहानी 3' में यामी गौतम की एंट्री हो गई है।

## टीवी मसाला



# वो शख्स, जो जाते-जाते रामानंद की रामायण को बना गया अमर

**नई दिल्ली।** रवींद्र जैन वो सितारा थे, जिन्होंने खुद दृष्टिहीन होते हुए रामानंद सागर की 'रामायण' में अपने सुरीले संगीत से रंग भर दिए थे। ये रंग ऐसे भरे कि जब भी 'रामायण' की बात होती है, तो उनके कलाकारों के साथ ही उसकी चौपाइयां और गीत याद आ जाते हैं, जिन्हें रवींद्र जैन ने अपनी प्यारी आवाज और संगीत से सजाया था। रवींद्र जैन जन्म से ही दृष्टिहीन थे। उन्हें कुछ दिखाई नहीं देता था, पर भगवान ने उन्हें सुरीली आवाज और संगीत के अमर वरदान से नवाजा था। उनके गले में मां सरस्वती विराजत करती थीं। उन्हें 'सरस्वती पुत्र' कहा जाता था। उसी वरदान से उन्होंने रामानंद सागर को 'रामायण'के रूप में ऐसा तोहफा दे दिया, जो दुनियाभर में हमेशा के लिए अमर हो गया। 28 फरवरी 1944 को पैदा हुए रवींद्र जैन के पिता संस्कृत पंडित थे, पर बचपन में ही उन्होंने बेटे के हुनर को भांप लिया था। फिर क्या था, उन्होंने बेटे रवींद्र को जी.एल जैन, जनार्दन शर्मा और नाथू राम जैसे संगीतकारों के पास संगीत सीखने भेज दिया। रवींद्र जैन ने संगीत के लिए ही अपनी आंखों को इलाज तक नहीं कराया था। वह बचपन से ही दृष्टिहीन थे। आंखों का इलाज हो सकता था, पर रवींद्र का कहना था कि अगर उनकी आंखों की रोशनी लौट आई, तो वह न तो संगीत पर ध्यान दे पाएंगे और ना ही पहले जैसा संगीत बना पाएंगे। इसलिए उन्होंने आजीवन दृष्टिहीन होना ही चुना। रवींद्र जैन का 9 अक्टूबर 2015 को 71 साल की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती थे। परिवार में पत्नी दिव्या जैन और बेटा आयुष्मान ही रह गए।

## हर्षद हुए लॉक अप 2 से बाहर

**नई दिल्ली।** 'लॉक अप 2' में ड्रामा जारी है क्योंकि अब हर्षद चोपड़ा को रियलिटी शो से बाहर कर दिया गया है। उनके बाहर होने से कई दर्शक हैरान हैं, जिन्हें उम्मीद थी कि वह गेम में और आगे तक जाएंगे। जेल के अंदर हर्षद एक शांत और संयमित कंटेस्टेंट के तौर पर दिखे। हालांकि उनकी कुछ बहसें और इमोशनल पल भी रहे, लेकिन ज़्यादातर समय वह गेम में अपने में ही रहे। लेकिन, बढ़ते कॉम्पिटिशन और मजबूत कंटेस्टेंट्स के बीच उन्हें काफी सपोर्ट नहीं मिल पाया और उन्हें शो छोड़ना पड़ा। उनके बाहर होने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स जोरदार प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई दर्शकों ने कहा कि उन्हें उनके इतनी जल्दी बाहर होने से झटका लगा है और वे निराश हैं। कुछ फैन्स ने इसे अनुचित भी बताया और कहा कि वह गेम में और समय के हकदार थे, जबकि दूसरों का कहना है कि यह शो के अनप्रेडिक्टेबल नेचर का ही हिस्सा है।



# पेरिस तक गई, ताकि जमाने से आगे रह सकूं : हेलेन

*नई दिल्ली। अदाकारा और मशहूर डांसर हेलेन के नाम पर दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में फिल्म देखने टूट पड़ती थी। एक दौर था जब हेलन का सिर्फ नाम ही काफी थी। उन्होंने बॉलीवुड के कुछ सबसे यादगार डांस परफॉर्मेंस दी हैं। हेलेन ने हाल ही में इसे लेकर दिलचस्प खुलासा किया कि गानों को करने में वे खुद किस तरह एफर्ट्स डालती थीं। यह उनके डांस के अलावा फैशन से भी जुड़े थे।*





### चीजें खोजने विदेशों की यात्राएं कीं

हेलेन ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के एक एपिसोड में बताया कि उन्होंने खुद कई ऐसी एक्सेसरीज चुनीं, जो उनके ग्लैमरस कैबरे डांस की पहचान बन गईं। हेलेन ने कहा कि वे हमेशा चाहती थीं कि उनके कॉस्ट्यूम अनोखे लगें। सिर्फ स्थानीय स्तर पर मिलने वाली एक्सेसरीज पर निर्भर रहने के बजाय, उन्होंने ऐसी चीजें खोजने के लिए विदेश की यात्रा कीं, जो उनके परफॉर्मेंस को एक अलग विजुअल पहचान दे सकें।

### बहुत जल्दी डांस सीख लेती थीं

शो के जज जावेद जाफरी ने बॉलीवुड फैशन और डांस पर हेलेन के असर को याद किया और उन्हें ट्रिब्यूट दिया। उन्होंने कहा कि उनके बोल्ड कॉस्ट्यूम, शानदार परफॉर्मेंस और स्क्रीन पर उनके कॉन्फिडेंस भरे अंदाज ने हिंदी फिल्मों में ग्लैमर को पेश करने का तरीका बदल दिया। उनके मुताबिक, उन्होंने नए ट्रेंड सेट किए और साथ ही कई पीढ़ियों के कलाकारों को प्रेरित भी किया। करिश्मा कपूर ने भी अपनी मां से जुड़ी एक याद शेयर की। उन्होंने कहा, 'मेरी मां मुझे बताती थीं कि जब भी हेलेन जी सेट पर आती थीं, तो सब लोग सम्मान के साथ शांत हो जाते थे। ठीक वैसे ही जैसे शम्मी कपूर के आने पर होता था'। करिश्मा कपूर ने यह भी बताया कि हेलेन रिहर्सल के दौरान बहुत तेजी से कोरियोग्राफी सीख लेती थीं, जिसके लिए उनके प्रोफेशनलिज्म और हुनर की तारीफ की जाती थी।

### अपने लुक की हर चीज पर खुद ध्यान देती थीं

अपने डांस नंबर्स की तैयारी को याद करते हुए हेलेन ने बताया कि वे अपने लुक की हर छोटी-बड़ी चीज पर खुद ध्यान देती थीं। उन्होंने खुद ऐसी एक्सेसरीज और फैशन की चीजें चुनीं, जो उस समय भारत में आम नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'मैं लंदन गई और वहां से नीले, भूरे और हरे रंग के लेंस और खास आईलैश (पलकें) लेकर आई। मेरे हेडगियर (बालों की एक्सेसरजी) मेरे हेयरड्रेसर ने बनाए थे। मैं अपनी कॉस्ट्यूम के लिए असली पंख लेने पेरिस भी गई थी। मेरी ज्वेलरी, बड़े गॉगल्स और एक्सेसरीज, ये सब मैंने इसलिए, चुना ताकि मैं जमाने से आगे रह सकूं'।

# शूटिंग के लिए पति-बेटी संग लौटीं भारत



*मुंबई। मच अवेटेड फिल्म 'वाराणसी' से प्रियंका चोपड़ा 8 साल के गैप के बाद इंडियन सिनेमा में वापसी कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए वह पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी के साथ भारत आई हैं। उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फ़िल्म का ज़्यादातर हिस्सा शूट हो चुका है, बस कुछ छोटे-छोटे आपस में जुड़े सीन बाकी हैं। एएस राजामौली ने बताया था कि टीम को उम्मीद है कि इस साल सितंबर या अक्टूबर तक फ़िल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी. वाराणसी को 7 अप्रैल, 2027 को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज़ किया जाएगा। वायरल तस्वीरों और वीडियो में निक जोनास और प्रियंका चोपड़ा को साथ चलते हुए देखा जा सकता है। प्रियंका को ऑफ-शोल्डर टॉप वाले डार्क ब्राउन को-ऑर्ड सेट में देखा जा सकता है। उन्होंने एयरपोर्ट लुक को बेज रंग की कैप, काले धूप के चश्मे और ब्राउन रंग के फ्लैट्स के साथ कंप्लीट किया है। वहीं, निक जोनास ने एयरपोर्ट लुक के लिए कंफर्टेबल ऑल-ब्लैक आउटफिट चुना. वह काली शर्ट के साथ मैचिंग ट्राउज़र पहने दिखाई दिए. उन्होंने सफेद-काले स्नीकर्स और टिंटेड धूप के चश्मे के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया।*

## शिव भक्ति से जुड़ा था गीत, स्टूडियो में डायरेक्टर की थी नो-एंट्री

# पहले ठुकराया, फिर गुस्से में लता ने गाया था ये कालजयी गाना

*नई दिल्ली। लता मंगेशकर स्वर कोकिला कही जाती हैं। उन्होंने सिनेमा को हजारों कल्ट क्लासिक गानों से नवाजा है, दशकों तक चाहने वालों को दीवाना बनाया है। डायरेक्टर-प्रोड्यूसर लता मंगेशकर को कास्ट करने के लिए लाइन में लगे रहते थे। लता मंगेशकर भी गायिकी के लिए समर्पित थीं। उन्होंने बेझिझक गाने गाए और नाम कमाया। मगर शायद ही आपको पता है कि उन्होंने अपना एक कल्ट गाना गाने से इनकार कर दिया था। 48 साल पहले उन्होंने शिव भक्ति से जुड़ा गीत गाना था, लेकिन उन्होंने पहले इनकार कर दिया था।*



### सुपरहिट गाने की कहानी

यह गीत है राज कपूर की फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम का टाइटल ट्रैक । जीनत अमान पर फिल्माया गया ये गीत लता मंगेशकर ने अपनी आवाज में अमर कर दिया। करीब पांच दशक के बाद भी यह गाना लोगों की जुबान पर रहता है। इस गाने को गवाने लिए राज कपूर को लता मंगेशकर को मनाना पड़ा था। वह उनसे इतना खफा हो गई थीं कि उन्हें स्टूडियो में भी नहीं आने दिया था।

### भाई के चक्कर में लता-राज के बीच अनबन

इस नाराजगी के पीछे की वजह राज कपूर पर लिखी किताब 'राज कपूरः द वन एंड ओनली शोमैन' में उनकी बेटी रितु नंदा ने बताई है। रितु नंदा ने किताब में बताया था कि राज कपूर ने सत्यम शिवम सुंदरम में म्यूजिक डायरेक्टर के तौर पर पहले लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर को लेने वाले थे। उन्होंने ही सिंगर से गुजारिश की थी कि वह हृदयनाथ को मनाएं।

### राज कपूर से मांगी थी गानों की रॉयल्टी

लता ने राज कपूर के लिए कई गाने गाए थे, लेकिन कभी रॉयल्टी नहीं ली। मगर जब भाई को रिप्लेस किया गया तो उन्होंने राज कपूर से गाने की रॉयल्टी मांगना शुरू कर दिया। चीजें बढ़ती गईं और लता मानने को तैयार नहीं थी। फिर पंडित नरेंद्र शर्मा की एंट्री हुई जिन्हें लता अपने पिता की तरह मानती थीं। उनका मानना था कि 'सत्यम शिवम सुंदरम' के गानों के साथ कोई और सिंगर न्याय नहीं कर सकता, इसलिए उन्होंने लता को इन गानों के लिए अपनी आवाज देने के लिए मनाया।

### गाना गाने से किया था इंकार

राज कपूर के कहने पर हृदयनाथ राजी हो गए। मगर जब लता मंगेशकर काम से यूएस गईं और वापस आईं तो पता चला कि राज कपूर ने हृदयनाथ को हटाकर लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल को फिल्म में शामिल कर लिया है। इस बात से लता बहुत नाराज हुईं। उनसे बिना पूछे या बताए राज कपूर ने यह फैसला लिया था। गुस्से में सिंगर ने उनका गाना गाने से ही इंकार कर दिया था।

### दो शर्तों पर गाया था लता ने हिट गाना

आखिरकार पंडित नरेंद्र शर्मा के कहने पर लता मंगेशकर ने गाने के लिए हामी भरी लेकिन शर्तें भी रखीं। उनकी शर्त थी कि वह स्टूडियो में किसी से भी बात नहीं करेंगी। साथ ही लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल से यह भी कह दिया था कि उनके रिकॉर्डिंग सेशन के दौरान वे राज कपूर को स्टूडियो में न आने दें। लता ने गाना गाया और बिना किसी से बात किए चली गईं। फिर दोनों के बीच रॉयल्टी को लेकर बहस भी हुई। मगर बाद में राज कपूर ने उन्हें मना लिया था।

## खबर संक्षेप



### महेश ने साथियों सहित सुना मन की बात

**खरसिया।** ग्राम बानीपाथर स्थित बूथ क्रमांक 107 में महेश साहू ने अपने साथियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं प्रधानमंत्री आवास उज्जवला योजना, अन्य योजना हितग्राहियों व आम जनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 136 वाँ एपिसोड श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्व प्रथम कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया। साथ ही युवाओं की नवाचारी सोच, तकनीकी प्रगति, जनभागीदारी तथा राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर विशेष बल दिया।

### 12 साल में बदली तस्वीर गरीब की लौटी गरिमा

**रायगढ़।** आज की युवा पीढ़ी यूपीआई स्मार्टफोन, 24 घंटे बिजली, हाईवे और सस्ते इंटरनेट के साथ बड़ी हुई है। उन्हें लगता है ये सुविधाएं हमेशा से रही है। लेकिन हम ये भूल जाते हैं कि सिर्फ 12 साल पहले भारत बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष कर रहा था।



भाजयुमो की ओर से सुमीत शर्मा ने अहम तथ्य देश के यूवाओ के सामने रखते हुये कहा जो लोग यह पूछ रहे है कि मोदी सरकार ने किया ही क्या यह दावा करने वालों को आईना दिखाना जरूरी है। 2011-12 में ग्रामीण भारत के सबसे गरीब 40 प्रतिशत परिवारों की हालत क्या थी सिर्फ 6.2 प्रतिशत घरों में वाहन थे आज 47.1 प्रतिशत लोग वाहनों का प्रयोग करते है इस अवधि में सिर्फ 2.9 प्रतिशत घरों में फ्रिज था आज 22.5 प्रतिशत घरों में फ्रिज है। पहले मोबाइल को विलासिता की सामग्री माना जाता था आज लगभग हर गरीब परिवार तक मोबाइल की पहुंच है। जिस घर में कभी नल का कनेक्शन नहीं थाए आज वहां नल से जल आता है। जिस घर में शौचालय नहीं थाए वहां आज सम्मान के साथ जीने की जगह है। 18,000 अंधेरे में डूबे गांव से 520 उजाले तक का सफर बताते हुए सुमीत शर्मा ने कहा 2014 से पहले 18,000 से अधिक गांवों में बिजली नहीं थी। सिर्फ 17 घरों में नल का पानी था। खुले में शौच सबसे बड़ी बीमारी थी।

### बड़े भाई की पिटाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** जमीन बंटवारे की पुरानी रंजिश में दो भाईयों ने मिलकर अपने बड़े भाई से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार कश्यप निवासी खिसोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके 4 भाई थे। चारों भाइयों के बीच पैत्रिक जमीन का बंटवारा हो चुका था, लेकिन छोटे भाई संतुराम कश्यप एवं छोटेलाल कश्यप उक्त बंटवारे को नहीं मान रहे थे और इसी बात की रंजिश रखते थे। 24 जुलाई को संतोष अपने दामाद के साथ मोटरसाइकिल से शिवरीनारायण जा रहा था।

## साढ़े तीन साल में 210 हत्याएं, जमीन विवाद, अवैध संबंध हत्या की प्रमुख वजह

# रायगढ़ में हत्या का बढ़ता ग्राफः हर साल औसतन 60 से ज्यादा लोगों की जा रही जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




**फैक्ट फाइल** वर्ष 2023 से 30 जून 2026 तक

| वर्ष | हत्या के प्रकरण | लंबित प्रकरण |
|---|---|---|
| 2023 | 66 | 00 |
| 2024 | 57 | 01 |
| 2025 | 63 | 01 |
| 2026 | 24 | 10 |

जिले में हत्या की घटनाएं लगातार चिंता का कारण बनी हुई हैं। मामूली विवाद, पुरानी रंजिश, जमीन विवाद और अवैध संबंध जैसी वजहों से लोग एक-दूसरे की जान लेने पर उतारू हो रहे हैं। पुलिस विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 से 30 जून 2026 तक जिले में हत्या के 210 मामले दर्ज हुए हैं। पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान औसतन हर वर्ष 60 लोगों की हत्या हुई। यानी हर महीने करीब 5 और लगभग हर सप्ताह एक से अधिक हत्या का मामला दर्ज हुआ। यह स्थिति जिले में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति की ओर इशारा करती है।

एक समय था जब लोग विवादों का समाधान बातचीत और समाज के बुजुर्गों की मौजूदगी में कर लेते थे, लेकिन अब छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा इस कदर हावी हो रहा है कि रिश्ते खून में बदल रहे हैं। आंकड़ों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है रायगढ़ में अब जान लेना मानो आसान होता जा रहा है। कभी शराब के नशे में हुए मामूली विवाद, कभी जमीन के एक टुकड़े की लड़ाई, तो कभी अवैध संबंधों के शक में रिश्ते खून से लाल हो रहे हैं। गुस्से या शराब के नशे में लिया गया फैसला कई परिवारों की जिंदगी हमेशा के लिए उजाड़ दे रहा है। पिछले साढ़े तीन वर्षों के आंकड़े इस भयावह तस्वीर की पुष्टि करते हैं। हर हत्या के साथ केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं होती, बल्कि एक परिवार का सहारा छिन जाता है, बच्चों के सिर से पिता या मां का साया उठ जाता है और कई घर हमेशा के लिए उजड़ जाते हैं। जिले में हाल के वर्षों में सामने आए अधिकांश हत्या के मामलों की जांच करें तो एक समान पैटर्न दिखाई देता है। कई वारदातें शराब के नशे में हुए मामूली विवाद, पुरानी दुश्मनी, जमीन और संपत्ति के विवाद, पारिवारिक कलह तथा अवैध संबंधों के शक के कारण हुई हैं। कई मामलों में आरोपी और मृतक एक-दूसरे के परिचित या रिश्तेदार रहे हैं। कुछ घटनाओं में पति-पत्नी के विवाद ने हत्या का रूप लिया, तो कहीं खेत की मेड़ या रास्ते के विवाद ने जान ले ली।

### बीते 6 महीने में 24 हत्याएं

आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2023 में हत्या के मामलों की संख्या सबसे अधिक रही। हालांकि 2024 में इसमें कुछ कमी आई, लेकिन 2025 में फिर से बढ़ोतरी दर्ज की गई। वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में ही 24 हत्या के मामले सामने आ चुके हैं। यदि यही रफ्तार बनी रही तो वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा पिछले वर्षों के बराबर या उससे अधिक पहुंच सकता है। जबकि वर्ष 2024 और 2025 के 1-1 तथा वर्ष 2026 के 10 मामले लंबित हैं।

### 7 मामलों में जांच जारी

जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 से 15 जुलाई 2026 तक 7 हत्या के मामले ऐसे हैं, जिनमें अब तक आरोपियों का पता नहीं चल सका है। इनमें कोतवाली, सरिया, तमनार, पूंजीपथरा, घरघोड़ा और धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के मामले शामिल हैं। कई मामलों में मृतकों की पहचान तक नहीं हो सकी, जबकि कुछ में पहचान होने के बावजूद हत्यारे फरार हैं। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।



## शेड निर्माण के साथ मानिकपुर को मिली विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे धरातलीय विकास कार्यों से ग्रामीणों में भारी उत्साह और हर्ष का माहौल है। हाल ही में मानिकपुर नीमचौंरा के समीप शेड निर्माण की मांग को स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्त मंत्री ने स्वयं दूरभाष पर इसकी जानकारी जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष राधामोहन पाणिग्राही को दी, साथ ही निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने का जिम्मेदारी सौंपी।

क्षेत्र के दौरा कार्यक्रम के दौरान मांग पत्र सोपा गया था। इस संबंध में राधामोहन पाणिग्राही ने बताया कि चुनाव के समय विधायक ओपी चौधरी ने पंचायत क्षेत्र में 1 करोड़ रुपए के विकास कार्य कराने का वादा किया था। हालांकि महज ढाई वर्षों के अल्प कार्यकाल में ही उन्होंने वादे से कई गुना अधिक लगभग 4 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाकर क्षेत्र के कायाकल्प की नींव रख दी है।

**स्वीकृत प्रमुख विकास कार्य**

कनकन सागर सुदृढ़ीकरण कार्यः 3 करोड़ से अधिक की लागत से कायाकल्प। डीपापारा जुगल घर के पास शेड निर्माण एवं सीसी सड़क का निर्माण। राधा माधव मंदिर परिसर 1 करोड़ से अधिक के सौंदर्यीकरण एवं अधोसंरचनात्मक कार्य।

**प्रतियोगिता में चार राज्यों की टीमों ने भाग लिया**

## उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के बालक एवं बालिका अंडर 14 हैंडबॉल टीम का शानदार प्रदर्शन

**रायगढ़।** उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के लिए बालक अंडर 14 एवं बालिका अंडर 14 हैंडबॉल टीम ने ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, अंबिकापुर में आयोजित गेम्स क्लस्टर हैंडबॉल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल एवं असम सहित चार राज्यों की टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय देते हुए यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। बालक अंडर 14 टीम के खिलाड़ी अर्पित, चितेश, भाव्य, मुकुंद, योवल, काशिश, चिरंजीवी, आयुष, अंश, कुणाल एवं पीयूष। बालिका अंडर.14 टीम की खिलाड़ी आर्या, हिमांशी, रुक्मणी, ईशा, मुक्ति, आराधना, खुशी एवं हेमप्रभा। इस शानदार सफलता के पीछे विद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज रजनीश सिंह एवं असिस्टेंट स्पोर्ट्स इंचार्ज सोमेश साहू का विशेष मार्गदर्शन, अथक परिश्रम एवं नियमित प्रशिक्षण रहा। इनके साथ विद्यालय की खेल प्रशिक्षक सुश्री मुस्कान अग्रवाल एवं सुश्री ममता ने भी खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षित किया, जिसके परिणामस्वरूप टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन गौतम चौधरी ने सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि उत्तम इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए हर संभव अवसर प्रदान करता रहेगा। विद्यालय के डायरेक्टर संजय चौधरी ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में हमारे विद्यार्थी और भी बड़ी सफलताएँ प्राप्त कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर गोपाल श्रीवास ने खिलाड़ियों की लगन अनुशासन एवं टीम भावना की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।



## जिले के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का सेतु ग्रामीणों के सपनों को मिल रही उड़ान

**रायगढ़।** जिले में इस योजना का प्रभाव अत्यंत सकारात्मक और व्यापक रूप से देखने को मिला है। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले से 15 जत्थों में 1,524 श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना किए जा चुके हैं। इनमें 1,137 ग्रामीण तथा 387 शहरी श्रद्धालु शामिल हैं। इस योजना का सबसे अधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचा है। कुल यात्रियों में लगभग 75 प्रतिशत ग्रामीण और 25 प्रतिशत शहरी श्रद्धालु रहे हैंए जो इस बात का प्रमाण है कि शासन की यह पहल समाज के उस वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही है, जिसके लिए अयोध्या की यात्रा पहले आसान नहीं थी।




रायगढ़ जिले से रवाना होने वाले प्रत्येक जत्थे में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ श्रद्धालु भाव विभोर होकर यात्रा प्रारंभ करते हैं। अनेक श्रद्धालु इसे अपने जीवन का सबसे बड़ा आध्यात्मिक अवसर बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। कई श्रद्धालुओं का कहना है कि बचपन से रामायण में श्रीराम जन्मभूमि की कथा सुनते आए थे, लेकिन कभी यह कल्पना नहीं की थी कि उन्हें स्वयं अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। योजना की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि इसका लाभ बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों तक पहुंचा है। अब तक यात्रा कर चुके 1,137 ग्रामीण श्रद्धालु इस बात के साक्षी हैं कि शासन की यह पहल गांव.गांव तक पहुंच रही है। जिन परिवारों के लिए आर्थिक परिस्थितियों के कारण अयोध्या जाना संभव नहीं था, उन्हें अब निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो रही है।




## श्याम बाबा का दर्शन कर सेवा कार्य का किया शुभारंभ

**रायगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर की नवीन कार्यकारिणी ने अपने कार्यकाल की शुरुआत की। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद क्लब के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने श्री श्याम बाबा मंदिर, चंद्रपुर पहुंचकर बाबा के दरबार में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

क्लब के पूर्व सचिव नयन अग्रवाल ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष मनीष जायसवाल एवं सचिव गिरधर खेमका के नेतृत्व में रोटरी परिवार मंदिर पहुंचा। इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने में कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज बेरीवाल एवं अशोक मित्तल का विशेष योगदान रहा। उनके कुशल समन्वय और सक्रिय सहयोग से पूरा कार्यक्रम ढंग से संपन्न हुआ। वहीं रोटरी क्लब रायगढ़ ग्रेटर परिवार ने दोनों के सेवाभाव एवं समर्पण के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## शैक्षिक गुणवत्ता व विद्यालयों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए संकुल में बैठक

**रायगढ़।** संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में 27 जुलाई दिवस सोमवार को शैक्षिक गुणवत्ता व विद्यालयों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए बैठक संकुल प्राचार्य भरत लाल नामदेव की अध्यक्षता में भारत माता के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ। संकुल प्राचार्य भरत लाल नामदेव ने उपस्थित सभी प्रधान पाठकों व शिक्षकों को शासन के मंशानुरूप विभागीय आदेशों निर्देशों का पालन पूरी दृढ़ता, गंभीरता व ईमानदारी से करते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया।



उन्होंने प्रथम सत्र में सीजीवीएसके एप में आनलाइन उपस्थिति, शासन विभागध्संकुल से व्हाट्स एप में या अन्य किसी उचित माध्यम से प्रसारित आदेश निर्देश का शत प्रतिशत क्रियान्वयन यूडाइस प्रोग्रेशन व अपडेशन, एमबीयू अपडेशन, छात्रवृत्ति कार्य संबंधी जानकारी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान विषयों हेतु विशेष मार्गदर्शन व कार्य योजना, शाला की वार्षिक कार्य योजना, मेंटर शिक्षक नियुक्त करनाएशी बाक्स, पास्को शिकायत बाक्स, चलित सेनेटरी वेंडिंग मशीन एवं उसकी उपलब्धता, शत प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति की सुनिश्चितता समेत शाला में वृक्षारोपण, कर्तव्य के प्रति निष्ठा आदि बिंदुओं पर चर्चा की। इस बैठक में संकुल शैक्षिक समन्वयक सन्नी खाण्डे, हायर सेकेण्डरी केवड़ा बाड़ी से प्रभारी प्राचार्य श्रीमती गायत्री ठाकुर, श्रीमती विभा शर्मा, माध्यमिक विद्यालय से प्रधान पाठक द्वय अनिल कुमार मोदी, श्रीमती प्रेमलता चंदेल, शिक्षिका श्रीमती भगवती शर्मा, प्राथमिक विद्यालय अंतर्गत सर्व प्रधान पाठक डॉ.मनीषा त्रिपाठी, श्रीमती गौरी मोहंती, श्रीमती क्षमा साहू, दीपक पटेल, माधव राम सिदार, सहायक शिक्षक श्रीमती भावना दुबे, रश्मि भगत आदि उपस्थित थे।

## 69 बूथों में सुनया गया मन की बात का 136वां एपिसोड

**रायगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 136वां संस्करण रविवार को रायगढ़ जिले के कोने कोने में गूंजा। बूथ से लेकर हॉस्टल तक, शक्ति केंद्र से लेकर वार्ड तक हर जगह कार्यकर्ताओं और युवाओं ने एक साथ बैठकर पीएम के विचारों को सुना और राष्ट्र निर्माण का संकल्प दोहराया।

जिले के कुल 1153 बूथों में से 969 बूथों पर सामूहिक श्रवण किया गया। जिले भर से सभी विधान सभा के अधिकांश मंडलों में पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात का सामूहिक श्रवण किया इस दौरान आस पास के बुद्धिजीवी युवा छात्र सामाजिक धार्मिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रही। विधान सभा धरमजयगढ़ के कुडूमकेला मंडल में जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने बूथ क्रमांक 261 नवापारा में मतदान केंद्र के सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना। दीवान ने कहा, पीएम मोदी के प्रेरणादायी विचार राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और सेवा के संकल्प को और सशक्त करते हैं। आइए हम सब उनके संदेशों को जन जन तक पहुंचाएं और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें।



## बाहुड़ा रथ यात्रा ग्राम कुकुर्दा में श्रद्धा आस्था और उत्साह के साथ संपन्न

# भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की वापसी, भक्तों ने किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भगवान जगन्नाथ की पावन बाहुड़ा रथ यात्रा ग्राम कुकुर्दा में श्रद्धा आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुई। जिसमें भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की वापसी यात्रा में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए तथा भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

विधि विधान से पूजा.अर्चना एवं मंगल आरती के पश्चात भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया। जिसमें कर्ता के रूप में ग्राम गौंटिया मनोज गुप्ता, महेश गुप्ता, दौलतराम गुप्ता, नेत्रानंद प्रधान एवं पंडित महाराज सत्यम पंडा थे इसके बाद श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ संपूर्ण यात्रा मार्ग भक्तिमय भजनोंए संकीर्तन एवं धार्मिक उद्घोषों से गुंजायमान रहा। बाहुड़ा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सुख समृद्धि तथा कल्याण की कामना की। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए आयोजन को सफल बनाया। यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं जलपान की व्यवस्था की गई।जिसमें नवीन गुप्ता एवं पं सत्यम पंडा द्वारा जलपान का का व्यवस्था किया गया जिसमें जय गणेशा युवा समिति की महत्वपूर्ण योगदान रहा धार्मिक मान्यता के अनुसार बाहुड़ा रथ यात्रा भगवान जगन्नाथ की गुंडिचा मंदिर से श्रीमंदिर वापसी का प्रतीक है। इस यात्रा के दर्शन एवं रथ खींचने से भक्तों को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भगवान की सेवा में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंदिर समिति, ग्रामवासियों, युवा मंडल एवं समस्त श्रद्धालुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यात्रा के समापन पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।




### महापल्ली हनुमान मंदिर के पास प्रभु जगन्नाथ की बहुढ़ा रथयात्रा संपन्न

**महापल्ली।** रायगढ़ पूर्वी अंचल के सुसंस्कृत ग्राम महापल्ली में हनुमान मंदिर मोहल्ले में मौसी घर से प्रभु जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की बहुढ़ा रथयात्रा हरि बोल और हुल हुली ध्वनि तथा जातरा मंडली द्वारा कीर्तन नर्तन के साथ तीनों विग्रहों को रथारूढ़ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला भक्तजन और पुरुष भक्ति भाव से पुष्प वर्षा करते हुए रथ पर विराजमान कराया। छेरा पहरा ग्राम गौंटिया प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा किया गया वही प्रभु जगन्नाथ के पूजक चन्द्रकान्त दास श्रीकांत दास बैरागी और उनके सहयोगी सीताराम बैरागी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया। मौसी घर पर मौसी दी जाने वाली पकवान पुड़ापीठा भी भोग में लगाई गई। और ससम्मान बहुढा रथ यात्रा निकाली गई। ग्राम भ्रमण करते हुए मंदिर भगवान जगन्नाथ मंदिर में ले जाया गया जहां रीति रिवाज के साथ भीतर बीजे अर्थात भगवान को मंदिर प्रवेश कराने के रस्म अदा किए गए। इस रथ यात्रा में गांव सहित बड़ी संख्या में आसपास के लोग देखने आए हुए। थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### शराबी बाइक व कार चालक पर 10-10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर जिले में कार्रवाई जारी है। इस बीच शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाने वाले एक बाइक व कार चालक पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने हेतु एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना यातायात शाखा पुलिस टीम द्वारा दौरान चेकिंग मोटरसायकल क्रमांक जेएच 01 डीबी 9302 के वाहन चालक यूपी गाजीपुर निवासी 34 वर्षीय बृजकिशोर सिंह यादव आ. रामेश्वर सिंह शराब के नशे में धुत पाया गया। इसी तरह चेकिंग दौरान कार क्रमांक यूपी 61 एडी 2493 के चालक दरिमा नवानगर निवासी 19 वर्षीय विरेंद्र गिरी आ. राजकुमार भी नशे में धुत पाया गया। दोनों चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर शराब के नशे मे धुत्त होने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस द्वारा एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से दोनों वाहन चालकों पर दस दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 20 साल कैद

**अंबिकापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भवती करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को अलग अलग धाराओं में अधिकतम 20 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थ दंड से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीया नालाबिग 20 जुलाई 2022 को घर से कापी किताब लेने की बात कहकर घर से निकली थी और अपने भाई को बताकर बस में बैठकर अंबिकापुर आ गई गई। इसके बाद छात्रा घर नहीं लौटी थी जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मामले में पुलिस द्वारा जांच उपरान्त नाबालिग छात्रा को मैनपाट के नर्मदापुर दातीढाप निवासी 19 वर्षीय विमल खाखा आ. निर्मल खाखा के पास से 26 जुलाई को बरामद किया था। इस दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर दो वर्षों से दुष्कर्म कर रहा था। इस दौरान छात्रा गर्भवती भी हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया था।

### आरा चौकी में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**जशपुरनगर।** नालसा की योजना के तहत सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के मार्गदर्शन में थाना जशपुर चौकी आरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम में माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के द्वारा प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास इचकेला एवं प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास आरा में विधिक जागरूकता, बाल विवाह, मानव तस्करी, नशा मुक्ति, बाल श्रम, साइबर फ्रॉड, मोटर यान के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को संविधान एवं कानून की मूलभूत जानकारी प्रदान करते हुए विधि की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, न्याय और अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है जिसके लिए कानून की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। बलराम कुमार देवांगन, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुनकुरी एवं श्रीमती सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर के द्वारा भी विधिक साक्षरता, नशा मुक्ति, बाल श्रम, साइबर फ्रॉड, मोटर यान, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, शिक्षा का अधिकार, गुड टच एवं बैड टच घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण के बारे में विद्यार्थियों जानकारी दी।

## कलेक्टर ने की मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की समीक्षा

# युवाओं को रूचि व रोजगार की मांग के अनुसार दें प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने 24 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने युवाओं को उनकी रूचि और मार्केट में रोजगार की मांग अनुसार प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए है ताकि युवाओं को पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर एस डी सी स्टेट हेड वैभव अग्रवाल, सुबोध कुमार की उपस्थिति में जिले में स्थित समस्त शासकीय आई टी आई, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य एवं जिले में पंजीकृत समस्त शासकीय एवं अशासकीय वी टी पी के साथ जिले के युवाओं के लिए उपलब्ध बेहतर रोजगार के अवसरों के विषय पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान सुबोध कुमार के द्वारा एमआरएफ जैसे बड़े संस्थानों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकरी साझा किया गया साथ ही इन संस्थाओं के अधिकारीयों से भी विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से वार्तालाप करवाया गया इसके अलावा वेल्डर, मेसन जैसे ट्रेड में विदेश में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की भी जानकारी प्रदाय करवाया गया, जिले में स्थित 2 शासकीय आई टी आई को भविष्य में आने वाले रोजगार के अवसरों के अनुरूप उनके प्रयोगशाला को मॉडल



### शिक्षण व्यवस्था की सतत करें निगरानी

विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने पाठ्यपुस्तकों के वितरण, विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण, शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, स्मार्ट क्लास तथा जश लर्न कार्यक्रम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री व्यास ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा एवं सभी विकास खंडों के बीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी एवं शिक्षक पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति बिना किसी वैध कारण के दर्ज नहीं होगी, उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से इसकी निगरानी करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए।

प्रयोगशाला के रूप में विकसित करने पर भी चर्चा हुई. जिले में एग्रीकल्चर एवं अलाइड सेक्टर में भी मांग के अनुसार प्रशिक्षण एवं नए प्रोडक्ट जिनकी बाज़ार में मांग है उनके चिन्हांकन एवं विकसित करने के संबंध में चर्चा किया गया। कलेक्टर द्वारा समस्त वी टी पी को यह निर्देशित किया गया की भविष्य के मांग के अनुरूप ही जिले के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदाय किया जाए ताकि उन्हें अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो. साथ ही श्री वैभव अग्रवाल द्वारा प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना एवं पी विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी प्रदाय किया गया।

### योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर श्री व्यास ने कृषि एवं राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं तथा लंबित राजस्व प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसान पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए सभी मामलों का नियमानुसार एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों के ऑनलाइन पंजीयन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होंने इस योजना के तहत संदिग्ध प्रकरणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।



# खुड़िया रानी में किया गया स्वच्छता श्रमदान

**जशपुरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद पंचायत बगीचा की ग्राम पंचायत छिछली (र) के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खुड़िया रानी मंदिर परिसर में आज प्रातः 07:00 बजे से 11:00 बजे तक व्यापक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूक बनाना था।

■ जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

स्वच्छता श्रमदान में जनपद पंचायत बगीचा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, ग्राम पंचायत छिछली (र) के सरपंच, सचिव एवं पंचायत कर्मियों, आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंचों, ग्रामीण जनों, युवाओं एवं महिला समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा गंगा समूह को स्वच्छता किट प्रदान की गई तथा समूह के सदस्यों से मंदिर परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया गया। समूह ने परिसर को सदैव स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम की सफलता में वन विभाग की टीम एवं स्थानीय सामाजिक संगठन सफल प्रयास सेवा समिति का विशेष सहयोग एवं योगदान सराहनीय रहा। सभी प्रतिभागियों ने श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते हुए आमजन से भी अपने धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सतत जनआंदोलन है। ऐसे सामूहिक श्रमदान कार्यक्रमों से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा धार्मिक स्थलों की गरिमा और पवित्रता भी बनी रहती है।

# पत्थलगांव के अग्रसेन भवन में 30 से गूंजेगी श्रीराम कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

श्रावण मास पर पत्थलगांव एक बार फिर पूरी तरह राममय होने जा रहा है। अग्रवाल समाज के तत्वावधान में 30 जुलाई से 7 अगस्त तक अग्रसेन भवन में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा प्रेमयज्ञ एवं वैदिक विद्वानों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है।

आयोजन की शुरुआत 30 जुलाई को दोपहर 3 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। श्रद्धालु महिलाओं एवं भक्तों की विशाल सहभागिता के साथ निकलने वाली यह शोभायात्रा पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में रंग देगी। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बालसंत अनुरागशरण महाराज की उपस्थिति इस आयोजन की विशेष गरिमा बढ़ाएगा, जबकि अयोध्या धाम की



■ कलश यात्रा से होगा शुभारंभ, होगा सामूहिक रुद्राभिषेक

अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा वाचिका इंदुमती रामायणी अपनी मधुर वाणी से भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का रसपान कराएंगी। माना जा रहा है कि उनकी कथा सुनने के लिए पत्थलगांव ही नहीं बल्कि आसपास के अनेक शहरों और गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे। प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। वहीं 7 अगस्त को हवन, पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद वितरण के साथ इस भव्य धार्मिक आयोजन का समापन किया जाएगा। नगर में जगह-जगह लगाए गए विशाल पोस्टर और बैनर श्रद्धालुओं को कथा में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। पूरा शहर धार्मिक रंग में रंगता नजर आ रहा है और कथा प्रेमियों में आयोजन को लेकर विशेष उत्सुकता दिखाई दे रही है। आयोजन को सफल बनाने के लिए अग्रवाल समाज पत्थलगांव, अग्रवाल महिला मंडल एवं नवयुवक समिति द्वारा अग्रसेन भवन में व्यापक एवं सुचारु व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का श्रवण करने तथा सामूहिक रुद्राभिषेक में सहभागिता का आग्रह किया है। श्रावण मास में आयोजित यह आध्यात्मिक महोत्सव श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, आस्था और धर्म का अनुपम संगम साबित होने जा रहा है।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**जशपुरनगर।** जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जोराडोल में बिजली करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान पुरुषोत्तम सिदार उम्र 41 वर्ष, निवासी जोराडोल के रूप में हुई है। जानकारी जानकारी के अनुसार, पुरुषोत्तम सिदार के घर की बिजली खराब हो गई थी। वे घर के समीप लगे ट्रांसफार्मर के पास बिजली लाइन ठीक करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान वे अचानक बिजली करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पत्थलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पत्थलगांव एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत का कारण बिजली करंट लगना सामने आया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# दोकड़ा में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ अधर पाना अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के विकासखंड कांसाबेल स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में रविवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का पारंपरिक अधर पाना अनुष्ठान श्रद्धा, आस्था और धार्मिक परंपराओं के अनुरूप सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की।

■ आज नीलाद्री विजय के साथ महाप्रभु करेंगे गर्भगृह में प्रवेश

अधर पाना अनुष्ठान में श्री मंदिर के गजपति महाराज एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मंदिर समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। मंदिर परिसर में संध्या बेला में भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने अधर पाना की प्राचीन परंपरा का दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया।





# डॉ. आरएल हॉस्पिटल एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में वरिष्ठ न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. पाढ़ी देंगे सेवा

**रायगढ़।** जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में डॉ. आर एल हॉस्पिटल एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, रायगढ़ में प्रसिद्ध वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन एवं स्पाइन सर्जन डॉ. सिब कुमार पाढ़ी ने अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी हैं। उनके जुड़ने से अब रायगढ़ एवं आसपास के जिलों के मरीजों को नस, मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी से जुड़ी जटिल बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

डॉ. सिब कुमार पाढ़ी को न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी के क्षेत्र में 17 वर्षों का अनुभव है, जिसमें 11 वर्षों का विशेषज्ञ अनुभव शामिल है। उन्होंने बुरला से 1998 एवं तथा गांधी हॉस्पिटल, हैदराबाद से की उपाधि प्राप्त की है। आधुनिक न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी में विशेष विशेषज्ञता रखते हैं। इन उन्नत प्रशिक्षणों के माध्यम से वे आधुनिक मिनिमली इनवेसिव एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी एवं जटिल न्यूरो सर्जरी में दक्ष हैं, जिससे मरीजों को कम दर्द, छोटे चीरे, शीघ्र रिकवरी और बेहतर उपचार परिणाम प्राप्त होते हैं। डॉ. पाढ़ी द्वारा लकवा, मिर्गी, सिरदर्द, माइग्रेन, कमर दर्द, साइटिका, चक्कर आना, हाथ पैरों में सुन्नपन एवं कंपन्न, नसों की बीमारियां, स्पॉन्डिलाइटिस ए पार्किंसन, स्लिप डिस्क, डायबिटिक न्यूरोपैथी, ब्रेन ट्यूमर, रीढ़ की हड्डी की चोट, हाइड्रोसेफेलस सिर में पानी भरना, मेनिन्जाइटिस सहित नस, मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार उपलब्ध रहेगा। साथ ही ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी, बच्चों के मस्तिष्क की चोट की सर्जरी तथा अन्य जटिल न्यूरोसर्जरी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर डॉ. आरएल हॉस्पिटल एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के संचालक डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य रायगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को महानगरों के समान आधुनिक एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि डॉ. सिब कुमार पाढ़ी के जुड़ने से अस्पताल में छमनतव ब्तम सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी तथा मरीजों को अत्याधुनिक तकनीक के साथ अनुभवी विशेषज्ञ का लाभ मिलेगा। डॉ. पाढ़ी प्रत्येक सोमवार से शनिवारए सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक अस्पताल में मरीजों का परामर्श एवं उपचार करेंगे। परामर्श हेतु अस्पताल के मोबाइल न. 9179618171 पर संपर्क किया जा सकता है।



हेल्थ प्लस

## नशा मुक्त भारत युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** माय भारत द्वारा आयोजित नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन एन ई एस कॉलेज के सेमिनार हॉल में किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एस पी राकेश पटनवार और विशिष्ट अतिथि एन ई एस कॉलेज के प्राचार्य अमरेंद्र सिंह और जिला युवा अधिकारी संकेत मित्तल थे।आठ विधाओं में यहां प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी।

वाद विवाद प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, संगीत एवं रैप प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता, स्लैम पोयट्री प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता और रील मेकिंग और लघु फिल्म प्रतियोगिता यह आठ प्रतियोगिताएं मेरा युवा भारत जशपुर द्वारा आयोजित कराई गई थी। जिसके लिए बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना था।

**न्यायालय तहसीलदार सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**
Gmail id-tehsilsakti@gmail.com
**रा.प्र.क्र. व-121/2024-25**
**ग्राम-बोरदा तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती**
**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रवण वल्द भागीरथी साकिन चांदमारी वार्ड नं. 09 सर्किट हाउस मेहती फार्म रायगढ़, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) ने ग्राम बोरदा स्थित भूमि खसरा नं. 135 रकबा 0.194 हे., खसरा नं.137 रकबा 0.540 हे., खसरा नं. 135 रकबा 0.194 खसरा नं. 139, रकबा 0.0810 हे. व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सक्ती, जिला सक्ती जांजगीर चांपा (छ.ग.) के. दी.प्र.क्र. 133 अ/ 219 पक्षकार राम प्रसाद वगै. बनाम गणेशराम वगैरह में पारित निर्णय दिनांक 20/01/2025 के निर्णय का परिपालन हेतु आवेदन पेश किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 31/07/2026 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि उपरांत पेश दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

It is hereby informed to the general public that I, Somnath Sahu, son of Dhani Ram Sahu, resident of Vard Number 8, Bhagvangudi, Girgira, District Sakti, Chhattisgarh-495692, hereby declare that my father's correct name is "Dhani Ram Sahu." However, my father's name has inadvertently been recorded as "Dhani Ram" in my Passport and some other records. I am therefore taking necessary steps to correct my father's name from "Dhani Ram" to "Dhani Ram Sahu" in my Passport and other official records. Henceforth, my father's name shall be known and recorded as "Dhani Ram Sahu" for all government and other official purposes.
Date: 27-07-2026
Place: Girgira

**Sd/-**
**Somnath Sahu**
**Vard No. 8, Bhagvangudi, Girgira, District Sakti, Chhattisgarh-495692**

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध